# प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 16.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

..................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के आज उदयपुर पहुंचने पर राजस्व और उपनिवेशन मंत्री हेमंत मीणा ने हवाई अड्डे पर उनकी अगुवानी की। श्री धनखड भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर कोटडा में वनवासी कल्याण परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इसके बाद श्री धनखड का मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय जाने का कार्यक्रम है। यहां वे विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सोशल मीडिया के इस युग में जहां गलत सूचना और दुष्प्रचार का बोलबाला है, वहां सरकार अपने संकल्प के साथ मजबूती से खड़ी है। एक निजी मीडिया संगठन की ओर से आयोजित लीडरशिप समिट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार वोट–बैंक की राजनीति से दूर है और लोगों के लिए, लोगों द्वारा प्रगति के मंत्र के साथ काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि सरकार का लक्ष्य देश को एक विकसित राष्ट्र बनाना है और लोगों ने इसी विश्वास के साथ हमें यह जिम्मेदारी सौंपी है। श्री मोदी ने कहा कि देश में वर्तमान में सवा लाख से ज्यादा पंजीकृत स्टार्टअप हैं और युवा देश को गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हैं।

..................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक–सीएजी बहुत पारदर्शिता के साथ काम कर रहे हैं और इसकी विश्वसनीयता और प्रामाणिकता को अब विश्व स्तर पर मान्यता मिल चुकी है। आज नई दिल्ली में चौथे लेखा परीक्षा दिवस पर श्री बिरला ने कहा कि विभिन्न देशों से लोग भारतीय लेखा परीक्षा प्रणाली का अध्ययन करने के लिए भारत आ रहे हैं और इसे अपने देशों में अपनाने का प्रयास कर रहे हैं।

..................

मुख्य सचिव सुधांश पंत आज जयपुर सचिवालय में एक अहम बैठक की अध्यक्षता कर रहे है। बैठक में सरकार के एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर होने वाले कार्यक्रमों के साथ राइजिंग राजस्थान, संपर्क पोर्टल, पीएम सूर्यघर योजना, बिजली आपूर्ति, पीएम विश्वकर्मा योजना, भर्ती परीक्षाएं और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन सहित 23 बिंदुओं पर चर्चा की जा रही है। बैठक में सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सचिव, संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर शामिल है।

...................

आज देशभर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है। समाज में स्वतंत्र और उत्तरदायी प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में हर वर्ष 16 नवम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1966 में आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद ने काम करना शुरु किया था। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव नई दिल्ली में समारोह को संबोधित करेंगे।

...................

जोधपुर के महामंदिर चौराहा से आखलिया चौराहे तक फोर लेन एलिवेटेड रोड़ बनायी जायेगी। लगभग साढे सात किलोमीटर लंबी इस रोड पर 938 करोड़ रूपये से अधिक का खर्च आएगा। इसके लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया–एनएचआई ने टेंडर जारी कर दिया है। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इस प्रोजेट को स्वीकृति देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही इसका शिलान्यास कर निर्माण काम शुरू करवा दिया जाएगा। इससे जोधपुर के विकास को गति मिलेगी और यातायात का दबाव कम होगा।

...................

प्रदेश में सुबह और शाम के तापमान में लगातार गिरावट होने से राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में सर्दी का असर बढ़ रहा है। बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहा। हनुमानगढ़ में घना कोहरा छाने से वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पडा रहा है। डीग और भरतपुर में सुबह शाम की ठंड के कारण लोगों ने गर्म कपडे पहनना शुरू कर दिया है। वहीं केकडी में

लोगों ने गर्म कपडो की खरीदारी शुरू कर दी है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के ज्यादातर ईलाकों में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सैल्सियस के आस–पास बना हुआ है। सबसे कम 12 डिग्री सैल्सियस तापमान सिरोही में दर्ज किया गया। सीकर और फतेहपुर में 12 दशमलव 5, जालौर में 13 दशमलव 8, चितौडगढ में 14 दशमलव 5, चूरू और भीलवाडा में 14 दशमलव 6 और राजधनी जयपुर में न्यूनतम तापमान 17 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

..................

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज उदयपुर पहुंचे–भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत।